नगर निगम, गोरखपुर।

अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

पथ प्रकाश विभाग द्वारा गोरखपुर नगर निगम सीमा के अन्तर्गत आने वाले समस्त मुख्य मार्गो पर स्थापित 150 वाट डेकोरेटेड लाइट्स की ड्राइवर की आपूर्ति हेतु प्रति अदद की दर निर्धारण निमित्त निविदा प्रणाली के माध्यम से पथ प्रकाश विभाग में निर्माता कम्पनी अथवा उनके द्वारा अधिकृत फर्मों से मुहरबंद निविदा दिनांक 23-08-2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे तक अपर नगर आयुक्त (द्वितीय)/वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी, पथ प्रकाश कार्यालय कक्ष मे खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनाँक 21-08-2024 से दिनाँक 22-08-2024 तक को अपरान्ह 3.00 बजे तक पथ प्रकाश कार्यालय, नगर निगम गोरखपुर से की जायेगी। नियम व शर्ते नगर निगम गोरखपुर की बेवसाइट www.nagarnigamgkp.org पर देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता (वि0/यॉ) नगर निगम, गोरखपुर	प्रभारी अधिकारी (प0प्र0) नगर निगम, गोरखपुर	14/8/24 वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी (प0प्र0) नगर निगम, गोरखपुर

Scanned with OKEN Scanner

नगर निगम, गोरखपुर

पथ प्रकाश विभाग द्वारा 150 वाट डेकोरेटेड लाइट्स की ड्राइवर की आपूर्ति हेतु प्रति अदद दर की निविदा हेतु विस्तृत नियम एवं शर्तें–

01– निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र शुल्क रूपया 236.00 अदा कर पथ प्रकाश कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

02– धरोहर धनराशि रूपया 20000.00 का एन.एस.सी./सी.डी.आर./एफ.डी.आर. के रूप मे मान्य होगा, जो प्रभारी अधिकारी, पथ प्रकाश के पक्ष मे बंधक होगा।

02– धरोहर धनराशि की एन.एस.सी./सी.डी.आर./एफ.डी.आर. ठेकेदार को मूल रूप से निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

03– निविदादाता को निविदा की दरे स्पष्ट रूप से शब्दो व अंको मे निर्धारित स्थान पर साफ–साफ अंकित करनी होगी। निविदा फार्म नगद भुगतान कर (जो वापस नहीं होगी) निविदा प्रकाशित होने के दिनांक 21-08-24 से दिनांक 22-08-24 तक ही किसी भी कार्य दिवस मे पथ प्रकाश कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है

04– निविदादाताओं का निविदा में निम्न प्रपत्र/प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

A. GST, PAN Card& 3 Year ITR प्रमाण पत्र।

B. निविदादाता के पक्ष में कम्पनी द्वारा जारी अधिकृत प्रमाण पत्र।

C. धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा।

D. 150 वाट व 90 वाट डेकोरेटेड लाइट्स ड्राइवर की कम्पनी द्वारा एवं फर्म द्वारा 1 वर्ष की गारंटी/ वारंटी दिया जाना अनिवार्य होगा।

E. हैसियत एवं चरित्र प्रमाण पत्र।

F. नोटरी शपथ पत्र अपलोड करना होगा।

05– निविदादाता द्वारा 150 वाट व 90 वाट डेकोरेटेड लाइट्स ड्राइवर की दरें प्रति नग के आधार पर निर्धारित प्रपत्र पर ही अंकित किया जाना होगा।

06– जी0एस0टी0 के नियमों/शासनादेश के अनुसार निर्धारित दरों पर अतिरिक्त देय होगी।

07– सफल निविदादाता द्वारा शासनादेश सं0–3890/नौ–5–19–149सा/2019, दिनांक 20.09.2019 के अनुसार न्यूनतम निविदादाता का यदि पूर्व से नगर निगम गोरखपुर में पंजीकरण नहीं है, तो उन्हें पंजीकरण नियमावली/शर्तो के अनुसार नगर निगम गोरखपुर में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

08– निविदादाता द्वारा निविदा में अंकित दरों में आपूर्तित 150 वाट डेकोरेटेड लाइट्स ड्राइवर का 01 वर्षीय गारंटी देना अनिवार्य होगा। खराब 150 वाट डेकोरेटेड लाइट्स ड्राइवर की सूचना दिये जाने के 3 दिन के अन्दर बदलवाया जाना अनिवार्य होगा।

09– नगर निगम गोरखपुर के द्वारा वित्तीय स्थिति के दृष्टिगत भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।

10– निविदादाता का कार्यालय, गोदाम एवं सर्विस सेन्टर गोरखपुर नगर निगम सीमा के अन्तर्गत होना अनिवार्य है, जिससे सम्बन्धित स्व–प्रमाणित प्रपत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

15 नगर आयुक्त महोदय नगर निगम गोरखपुर का निर्णय अन्तिम होगा, जो सभी निविदादाताओं को मान्य होगा।

16 किसी भी वाद–विवाद का न्याय क्षेत्र गोरखपुर होगा।

Scanned with OKEN Scanner

17 निविदा में कोई भी संशोधन/परिवर्तन की सूचना को वेबसाइट www.nagarnigamgkp.org पर ही अपलोड कर प्रकाशित किया जाएगा।

18 एक अथवा सभी निविदादाताओं की निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय का होगा एवं किसी भी शर्त को संशोधित एवं समाप्त करने का पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त महोदय नगर निगम गोरखपुर के अधिकार क्षेत्र में होगा।

सहायक अभियन्ता (वि0/यॉ) नगर निगम, गोरखपुर	प्रभारी अधिकारी (प0प्र0) नगर निगम, गोरखपुर	वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी (प0प्र0) नगर निगम, गोरखपुर

Scanned with OKEN Scanner